SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

कक्षा - 10

लोकतांत्रिक राजनीति - 2

अध्याय - 4

राजनीतिक दल

Political Parties

भाग - 1

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



- लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती हैं।
- लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था को बनाने, संविधान रचने, चुनावी राजनीति और सरकार के गठन तथा संचालन में राजनीतिक दलों की महती भूमिका होती है ।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



- राजनीतिक दलों को सत्ता के बँटवारे के वाहक और लोकतांत्रिक राजनीति में सामाजिक समूहों की तरफ से मोल-तोल करने वाले माध्यम के रूप में जाना जाता है।
- राजनीतिक दलों की प्रकृति और कामकाज भी अपने आप में विशिष्ट होता है और भारत में भी लोकतंत्र होने के कारण इनकी भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- भारत में दलों की ज़रूरत क्यों है, लोकतंत्र के लिए कितने दलों का होना बेहतर होता है, यह प्रश्न महत्वपूर्ण हो जाते हैं। जिसके लिए मौजूदा समय के राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों का परिचय देना आवश्यक है और साथ ही यह भी देखना आवश्यक है कि राजनीतिक दलों के साथ क्या खामियाँ जुड़ी हैं और उन्हें दूर करने के लिए क्या किया जा सकता है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

राजनीतिक दलों की आवश्यकता



- किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की संस्थाओं में राजनीतिक दल महत्वपूर्ण होते है।
- अधिकतर आम नागरिकों के लिए लोकतंत्र का मतलब राजनीतिक दल ही है।
- देश के दूर-दराज के और ग्रामीण इलाकों में जाने से यह ज्ञात होता है कि कम पढ़े-लिखे लोग संविधान के बारे में या सरकार के स्वरूप के बारे में कुछ भी नहीं जानते हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

परन्तु राजनीतिक दलों के बारे में उन्हें ज़रूर कुछ न कुछ मालूम होता है। लेकिन पार्टियों के बारे में प्रत्येक व्यक्ति कुछ न कुछ जानता है तो इसका अर्थ यह नहीं कि पार्टियाँ बहुत लोकप्रिय हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- अधिकतर लोग आम तौर पर दलों के बारे में गलत धारणा रखते हैं।

देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और राजनीतिक जीवन की हर समस्या के लिए वे इन दलों को ही उत्तरदायी मानते हैं। सामाजिक और राजनीतिक विभाजनों के लिए भी दलों को ही दोषी माना जाता है।

- ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक रूप से उठता है : क्या हमें सचमुच राजनीतिक दलों की आवश्यकता है?

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



- करीब 100 साल पहले दुनिया के बस कुछ ही देशों में और वह भी गिनती के राजनीतिक दल थे।
- परन्तु आज स्थिति बदल गई है और अब गिनती के ही ऐसे देश बचे हैं जहाँ राजनीतिक दल नहीं पाये जाते।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

आइए, जानते हैं राजनीतिक दल क्या हैं और वे क्या करते हैं और फिर उनकी आवश्यकता और महत्व की चर्चा की जायेगी।



SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

राजनीतिक दल का अर्थ

- दल शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के शब्द Partire (Part) से हुई है जिसका शाब्दिक अर्थ है विभाजन। इसलिए दल समाज में विभिन्न हितों व विचारधाराओं वाले वर्गों में पारस्परिक विभाजन के परिणामस्वरूप उदित हुए।



SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- अपनी विभाजनकारी प्रवृत्ति के कारण ही अतीत में दल जैसी संस्था को समाज के लिए विभाजनकारी माना जाता रहा है।
- कई प्रमुख व्यक्ति जिसमें जॉर्ज वाशिंगटन, वॉल्टेयर और गाँधी जी आदि राजनीतिक दलों को लोकतंत्र व सम्पूर्ण शासन व्यवस्था समाप्त करने वाली शक्तियाँ मानते रहे जो हिंसा भी करने के लिए तैयार रहते हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- परन्तु काफी समय से राजनीतिक दलों ने एक सम्मानित स्थान प्राप्त कर लिया है जहां यह शासन व्यवस्था का जीवन बिन्दु बन गए हैं जिसके बिना शासन संचालन बहुत मुश्किल है।



SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- राजनीतिक दल को लोगों के एक ऐसे संगठित समूह के रूप में समझा जा सकता है जो समान सिद्धांतों व विचारधारा में विश्वास रखते हैं, इनके लक्ष्य स्पष्ट होते हैं। चुनाव लड़ने और सरकार में राजनीतिक सत्ता हासिल करने के उद्देश्य से यह काम करते हैं। यह संवैधानिक तरीकों में विश्वास रखते हैं और समाज और राज्य के बीच एक मार्ग का कार्य करते हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- समाज के सामूहिक हित को ध्यान में रखकर ये समूह कुछ नीतियाँ और कार्यक्रम तय करते हैं।
- सामूहिक हित एक विवादास्पद विचार है। इसे लेकर सबकी राय अलग-अलग होती है।
- इसी आधार पर दल लोगों को यह समझाने का प्रयास करते हैं कि उनकी नीतियाँ अन्य से बेहतर हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

जाति
⇓
राजनीति
दल
① जाति

- वे लोगों का समर्थन पाकर चुनाव जीतने के बाद इन्हीं नीतियों को लागू करने का प्रयास करते हैं।
- राजनीतिक दल किसी समाज के बुनियादी राजनीतिक विभाजन को भी दर्शाते हैं।
- एक राजनीतिक पार्टी समाज के किसी एक हिस्से से संबंधित होती है इसलिए उसका नज़रिया समाज के उस वर्ग/समुदाय विशेष की तरफ झुका हुआ होता है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

नेता
सदस्य
कार्यकर्ता
प्रशासक
समर्थक
अनुयायी

→ विधायिका → कार्यपालिका

- किसी भी राजनीतिक दल की पहचान उसकी नीतियों और उसके सामाजिक आधार से तय होती है।

राजनीतिक दल के तीन प्रमुख हिस्से होते हैं :

- नेता
- सक्रिय सदस्य
- अनुयायी या समर्थक

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST



राजनीतिक दल के कार्य

- राजनीतिक दल मूलतः राजनीतिक पदों को भरते हैं और राजनीतिक सत्ता का इस्तेमाल करते हैं।

दल इस काम को कई तरह से करते हैं –

1. दल चुनाव लड़ते हैं।

अधिकांश लोकतांत्रिक देशों में चुनाव राजनीतिक दलों द्वारा खड़े किए गए उम्मीदवारों के बीच लड़ा जाता है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



- राजनीतिक दल उम्मीदवारों का चुनाव कई तरीकों से करते हैं।
- अमरीका जैसे कुछ देशों में उम्मीदवार का चुनाव दल के सदस्य और समर्थक करते हैं।
- अब इस तरह से उम्मीदवार चुनने वाले देशों की संख्या बढ़ती जा रही है।
- अन्य देशों, जैसे भारत में, दलों के नेता ही उम्मीदवार चुनते हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

2. दल अलग-अलग नीतियों और कार्यक्रमों को मतदाताओं के सामने रखते हैं और मतदाता अपनी पसंद की नीतियाँ और कार्यक्रम चुनते हैं।

देश के लिए कौन-सी नीतियाँ ठीक हैं – इस बारे में सभी की राय अलग-अलग हो सकती है परन्तु कोई भी सरकार इतने अलग-अलग विचारों को एक साथ लेकर नहीं चल सकती।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- लोकतंत्र में समान या मिलते-जुलते विचारों को एक साथ लाना होता है ताकि सरकार की नीतियों को एक दिशा दी जा सके। पार्टियाँ यही काम करती हैं।
  पार्टियाँ तरह-तरह के विचारों को कुछ बुनियादी राय तक समेट लाती हैं जिनका वे समर्थन करती हैं।
- सरकार प्रायः शासक दल की राय के अनुरूप अपनी नीतियाँ तय करती है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

3. पार्टियाँ देश के कानून निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाती हैं।

कानूनों पर औपचारिक बहस होती है और उन्हें विधायिका में पास करवाना पड़ता है लेकिन विधायिका के अधिकतर सदस्य किसी न किसी दल के सदस्य होते हैं। इस कारण वे अपने दल के नेता के निर्देश पर फैसला करते हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



4. राजनीतिक दल ही सरकार बनाते और चलाते हैं। नीतियों और बड़े फैसलों के मामले में निर्णय राजनेता ही लेते हैं और ये नेता विभिन्न दलों के होते हैं।

पार्टियाँ नेता चुनती हैं, उनको प्रशिक्षित करती हैं और फिर पार्टी के सिद्धांतों और कार्यक्रम के अनुसार फैसले करने के लिए उन्हें मंत्री बनाती हैं ताकि वे पार्टी की इच्छा के अनुसार सरकार चला सकें।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



5. चुनाव हारने वाले दल शासक दल के विरोधी पक्ष की भूमिका निभाते हैं। ये विरोधी पक्ष सरकार की गलत नीतियों और असफलताओं की आलोचना करने के साथ वह अपनी अलग राय भी रखते हैं।

- इसके अतिरिक्त विपक्षी दल सरकार के खिलाफ आम जनता को भी गोलबंद करते हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

6. जनमत-निर्माण में भी राजनीतिक दल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वे मुद्दों को उठाते और उन पर बहस करते हैं। विभिन्न दलों के लाखों कार्यकर्ता देश-भर में बिखरे होते हैं।

समाज के विभिन्न वर्गों में उनके मित्र संगठन या दबाव समूह भी काम करते रहते हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



- दल कई बार लोगों की समस्याओं को लेकर आंदोलन भी करते हैं।
- अक्सर विभिन्न दलों द्वारा रखी जाने वाली राय के इर्द-गिर्द ही समाज के लोगों की राय बनती जाती है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



7. दल ही सरकारी मशीनरी और सरकार द्वारा चलाए जाने वाले कल्याण कार्यक्रमों तक लोगों की पहुँच बनाते हैं।

एक साधारण नागरिक के लिए किसी सरकारी अधिकारी की तुलना में किसी राजनीतिक कार्यकर्ता से जान-पहचान बनाना, उससे संपर्क साधना अधिक आसान होता है।

इसी कारण लोग दलों पर पूरा विश्वास न करते हुए भी उन्हें अपने करीब मानते हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

राजनीतिक दलों को भी हर हाल में लोगों की माँगों और ज़रूरतों पर ध्यान केन्द्रित करना पड़ता है अन्यथा अगले चुनाव में जनता द्वारा उन्हें वोट नहीं दिए जाते हैं।



SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



राजनीतिक दल की आवश्यकता क्यों

- आधुनिक लोकतंत्र राजनीतिक दलों के बिना क्यों नहीं चल सकता?
- राजनीतिक दल (Political Party) लोकतंत्र की आधारशिला हैं।
- ये उत्तरदायी शासन के परमावश्यक अंग हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- राजनीतिक दलों के बिना लोकतंत्र की कल्पना नहीं हो सकती।
- जहाँ राजनीतिक दलों को काम करने की स्वतंत्रता नहीं होती तथा जहाँ एक ही राजनीतिक दल होता है, वहाँ स्वतंत्रता का अभाव होता है।
- इसीलिए, राजनीतिक दलों को लोकतंत्र का प्राण कहा गया है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- प्रतिनिधिक प्रजातंत्र की सफलता राजनीतिक दलों पर ही निर्भर होती है।
- राजनीतिक दल प्रतिनिधियों के निर्वाचन में भाग लेते हैं।
- राजनीतिक दल मतदाताओं का मार्गदर्शन करते हैं।
- वस्तुतः, यदि राजनीतिक दल संगठित न हों तो प्रतिनिधिक सरकार का चलना कठिन होगा।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

